>

Title : Need to construct a flyover at Railway Crossing No. 62 at Sapur in Bhiwandi Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री सुरेश काशीनाथ तवारे (भिवन्डी): महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र भिवन्डी में वाशिन्द रेलवे स्टेशन है, जहां पर 62 नंबर गेट को बंद कर दिया गया है जिसकी वजह से लोगों को आने-जाने में बड़ी दिक्कत हो रही है। बारिश के दिनों में पानी जाने के लिए जो मोरी बनाई गयी थी, वहां से लोग अभी आना-जाना कर रहे हैं, लेकिन बारिश के दिनों में ज्यादा बारिश होने की वजह से वह रास्ता भी बंद हो जाता है और करीबन 50 से 60 हजार लोगों को वहां पर आने-जाने में दिक्कत होती है। खासतौर से जो बीमार और बुजुर्ग लोग हैं, उनको बहुत ज्यादा दिक्कत होती है। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि जब तक वहां पर फ्लाईओवर नहीं बनता है, उस गेट को खोला जाए और वहां पर लोगों को आने-जाने की सुविधा मिले। यही मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं।